पाठ - 10

हु तू तू ,हु तू तू

हु तू तू ,हु तू तू

Q1. तुम्हारे यहाँ कबड्डी की एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?

उत्तर : एक टीम में 8 खिलाड़ी होते हैं।

Q2. श्यामला ने जब बीच की लाईन छुई, तो कितनी लड़कियाँ आउट हुई थीं?

उत्तर : टीम की सारी 8 लड़कियाँ आउट हुई थी।

Q3. क्या तुम्हारे पास खेलों के झगड़े निपटाने के तरीके हैं?

उत्तर : हाँ, हमारे पास खेलों के झगड़े निपटाने के कई तरीके हैं।

कबड्डी का खेल

Q1. अपनी साँस रोक कर 'कबड्डी कबड्डी' बोल कर देखो। कितनी बार बोल पाये?

उत्तर : 50 बार।

Q2. क्या कबड्डी खेलते हुए भी इतनी बार ही बोल पाते हो? क्या कोई अंतर है?

उत्तर : नहीं। कबड्डी खेलते हुए इतनी बार नहीं बोल पाता हूँ। लगभग 10, बार का अंतर होता है।

Q3. श्यामला ने पूरी टीम को एक बार में ही आउट कर दिया। इसका चित्र कॉपी में बनाकर दिखाओ।

उत्तर : स्वयं करे |

Q4. 'आउट' होना क्या होता है? कबड्डी में कब-कब 'आउट' होते हैं?

उत्तर : जब किसी खिलाड़ी को प्रतिद्वंद्वी टीम का खिलाड़ी पकड़ कर दबोचता है और उसकी सांस टूट जाती है तो इस स्थिति में उसे आउट करार दिया जाता है। जब दूसरे पक्ष का खिलाड़ी किसी खिलाड़ी को छू देता है, उस स्थिति में उसे आउट करार दिया जाता है।

Q5. कई खेलों में खिलाड़ी को छूना बहुत जरूरी होता है, जैसे-खो-खो के खेल में। छूने से आउट होते हैं, और छूने से ही बारी भी आती है। ऐसे और खेलों के नाम बताओ, जिनमें खिलाड़ी को छूना बहुत जरूरी होता है।

उत्तर : छुआ-छुई, डेंगा-पानी, चोर-सिपाही।

Q6. कबड्डी में श्यामला के बीच की लाईन छूने से सब आउट हो गये थे। ऐसे कौन-कौन से खेल हैं, जिनमें बीच की लाईन का महत्व होता है?

उत्तर : बैडमिंटन, टेनिस, टेबल टेनिस, इत्यादि।

Q7. ऐसे कौन-से खेल हैं, जिनमें खिलाड़ी के अलावा रंगों या चीजों को छूते हैं?

उत्तर : खो-खो-चीजों को छुआ जाता है।रंग पकड़-रंग को छुआ जाता है।

Q8. तुम कबड्डी खेलते हो?

उत्तर : हाँ, मैं कभी-कभी कबड्डी खेलता हूँ।

Q9. अच्छा, एक बात बताओ। क्या तुम्हारी दादी और नानी कबड्डी खेलतीं थीं। आज घर जाकर पता करना।

उत्तर : नहीं। मेरी दादी या नानी कबड्डी नहीं खेलती थीं, क्योंकि उस समय लड़कियों का इस तरह का खेल खेलना अच्छा नहीं माना जाता था।

Q10. क्या तुम्हारे स्कूल में लड़कियों की कबड्डी की टीम है?

उत्तर : नहीं, मेरे स्कूल में लड़कियों की कबड्डी की टीम नहीं है।

याद आये वो दिन

Q1. क्या तुमने किसी कोच से कोई खेल सीखा है? कौन-सा?

उत्तर : हाँ। मैंने फुटबॉल स्कूल के कोच से सीखा है।

Q2. क्या तुम किसी को जानते हो, जिसने किसी कोच से कोई खेल सीखा हो?

उत्तर : हाँ, मेरे कई दोस्त कोच से फुटबॉल तथा क्रिकेट सीख रहे हैं।

चर्चा करो

Q1. कोच कैसे सिखाते हैं? कोच किस प्रकार अभ्यास करवाते हैं? खिलाड़ियों को कितनी मेहनत करनी पड़ती है?

उत्तर : कोच खेल की बारीकियों को सिखाते हैं। कोच खिलाड़ियों को हमेशा उत्साहित करते रहते हैं तथा अभ्यास के फायदे समझाते हैं। खिलाड़ियों को बहुत ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। उन्हें सुबह अंधेरे में ही उठना पड़ता है और घंटों अभ्यास करना पड़ता है।

Q2. क्या तुमने कभी अपनी पसंद के खेल के लिए क्लब बनाने के बारे में सोचा है?

उत्तर : हाँ। मैंने फुटबॉल का एक क्लब बनाने के बारे में सोचा है।

Q3. मान लो, 15 बच्चों को दो टीमों में बाँट कर खो-खो खेलना है। दोनों टीमों में सात-सात खिलाड़ी होंगे। एक खिलाड़ी बच जायेगा, नहीं तो टीमें बराबर नहीं हो पाएँगी। ऐसा होने पर तुम क्या करते हो? क्या तुम कभी बीच का बिच्छू बने हो? उसके बारे में बताओ।

उत्तर : ऐसा होने पर मैं एक खिलाड़ी को रेफरी बनाता हूँ। मैं भी कई बार रेफरी बना हूँ।

Q4. हर खेल में कुछ नियम होते हैं। वह खेल उन नियमों के अनुसार ही खेला जाता है। अगर उन नियमों में कुछ बदलाव कर दिया जाए, तो देखें खेल में क्या बदलाव आता है। जैसे- क्रिकेट में विकेट पर से गुल्लियों के गिरने पर बल्लेबाज़ आउट हो जाता है। सोचो, अगर नियम हो कि एक ही बार में तीनों विकेट गिर जाएँ, तो पूरी टीम ही आउट हो जायेगी। क्या खेल में मजा आयेगा?

उत्तर : खेल के नियम कुछ न कुछ हमेशा बदलते रहते हैं। जैसे कि क्रिकेट में पहले 20-20 मैच नहीं होता था। इधर कुछ सालों से ऐसा मैच शुरू हुआ है। मैच के नियम बदल जाने से मैच ज्यादा रोमांचक हो जाता है।